## महत्वपूर्ण एवं खास

### तेंदुए ने ग्रामीण की मवेशी व कुत्ते को बनाया शिकार

**कोंड़ागांव (आरएनएस)।** जिले के केशकाल घाट व पर्यटन स्थल टाटामारी क्षेत्र मे लगातार तेंदुए की मौजूदगी के बाद अब तेंदुए केशकाल के आबादी क्षेत्र ग्राम तुमूसकोनाडी के ग्रामीण महेंद्र ध्रुव के मवेशी एवं कुत्ते का शिकार करने से इलाके में दहशत व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार केशकाल से सटे ग्राम तुमूसकोनाडी के ग्रामीण महेंद्र ध्रुव के गाय कोठे मे तेंदुए ने हमलाकर आधा दर्जन मवेशियों को घायल कर दिया और एक गाय को मारकर खा गया, इस आक्रमण के बाद घर के पालतू कुत्ते ने जब तेंदुए प्रतिरोध करने का प्रयास किया तो तेंदुए ने पालतू कुत्ते पर भी हमला कर मार डाला। पीडित महेंद्र ध्रुव ने बताया कि वन्य प्राणी तेदुए के हमले की जानकारी वन विभाग को दिया है और वन विभाग से मुवावजे की लीखित मांग भी की है। वन विभाग ने ग्राम स्तर पर वास्तविक नुकसान के पंचनामे पश्चात उचित मुआवजे का आश्वासन दिया है।

### ट्रकों की भिड़त में दोनों चालक गंभीर एक को किया रायपुर रेफर

**कोडागांव (आरएनएस)।** जिले में दो ट्रकों की आमने-सामने की भिड़त में दोनो ट्रकों के चालक गंभीर रूप से घायल हो गये, वहीं एक ट्रक के चालक को उपचार के लिए रायपुर रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रायुपर से जगदलपुर आ रही ट्रक व आन्ध्रपदेश से सींमेट सीट भर कर कोंडागांव आ रही ट्रको की आमने सामने से टक्कर होने से दोनो के चालको को गंभीर चोंटे आई जिनको पुलिस की मदद से जिला अस्पताल पहुचाया गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनो वाहन आपस में टकराने के बाद एनएच से किनारे पेड से जा टकराई। इस दुर्घटना में एक ट्रक के चालक प्रेमजीत मिश्रा पिता सतेन्द्र मिश्रा जगदलपुर को गंभीर चोट की वजह से तत्काल रायुपर रेफर किया गया वहीं आन्ध्रपदेश के ट्रक चालक त्रीमुल रेडडी पिता कृष्णा रेडी निवासी मैलावरम मण्डलम जिला कृष्णा का उपचार कोंडागाव जिला अस्पताल में जारी है।

### यात्री बस व स्कार्पियों में हुई टक्कर

**रामानुजगंज (आरएनएस)।** रविवार सुबह गांधी चौक में एक स्कार्पियो कार तथा यात्री बस में जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसें में दोनों ही वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए है। हालांकि इस हादसें में किसी भी प्रकार की जनहानि नही हुई है और एक बड़ा हादसा होते होते टल गया। मिली जानकारी के अनुसार रविवार सुबह 10 बजे के बारातियों से भरी यात्री बस रेस्ट हाउस रोड से आमंत्रण धर्मशाला जा रही थी इसी दौरान तेज रफ्तार से स्कॉर्पियो बीच बाजार की ओर से आ रहा था और दोनों वाहनों की गांधी चौक में जोरदार टक्कर हो गई। बस की रफ्तार धीमे होने तथा ड्राइवर की सूझबूझ से बड़ा हादसा होते-होते टला गया। टक्कर में बस एवं स्कॉर्पियो में हल्की फुल्की चोट लगी वही सभी यात्री सुरक्षित है। नगर के सबसे व्यस्त चौक पर हुए घटना के बाद यहां बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई।

### भारतीय जनता पार्टी का धरना आंदोलन राज्यपाल से मुलाकात चोरी ऊपर से सीना जोरी- कांग्रेस

**रायपुर (आरएनएस)।** कांग्रेस ने भाजपा द्वारा थाना घेराव राज्यपाल से मुलाकात को कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने भाजपा की चोरी ऊपर से सीना जोरी बताया है। सारे प्रदेश ने घटना क्रम के वीडियो को सोशल मीडिया पर देखा है पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने सार्वजनिक रूप से पुलिस विपक्षी दल के कार्यकर्ताओं के लिए अपशब्द गन्दी गन्दी गालियों का प्रयोग किया है। थाने में भी मूणत ने पुलिस कर्मियों के साथ गाली गलौच किया मारपीट कराने का भी वीडियो वायरल है।उसके बाद भाजपाई किस बात का आंदोलन कर रहे।पहले भाजपा कार्यकर्ताओ ने राहुल गांधी को काले झंडे दिखाने की गलत परम्परा शुरू किया।भाजपा के गलत परम्पर की प्रतिध्वनि होनी थी। पूर्व मंत्री या राजनैतिक दल का कार्यकर्ता होने से किसी को कानून तोडऩे का विशेषाधिकार नही मिल जाता हैं।

# कोरोना काल में भी जारी रही उच्च शिक्षा, लिए गए 2 लाख 67 हजार से भी ज्यादा ऑनलाईन क्लॉसेस

**0 उच्च शिक्षा विभाग के स्टॉल पर विश्वविद्यालय, कॉलेजों व इससे सबद्ध कोर्सेस की जानकरी लेने पहुंचते रहे लोग**

**रायपुर (आरएनएस)।** उच्च शिक्षा विभाग के स्टॉल पर विश्वविद्यालय, कॉलेजों व इससे सबद्ध कोर्सेस की जानकरी लेने पहुंचते रहे लोग

छत्तीसगढ़ सरकार की तीन वर्ष की उपलब्धियों पर साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित विकास प्रदर्शनी को देखने आने वालों का उत्साह देखते ही बनता था। यहां पर सरकारी विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल में शासकीय योजनाओं की जानकारी के अलावा जैविक उत्पाद व हस्तनिर्मित वस्तुओं की खरीददारी और पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लेने लोग पहुंच रहे थे। प्रदर्शनी में उच्च शिक्षा विभाग के स्टॉल पर विश्वविद्यालय और इससे संबद्ध कॉलेजों एवं पाठ्यक्रमों की जानकारी लेने के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। यहां पर विश्वविद्यालयों में संचालित एनएसएस एवं खेल से जुड़ी गतिविधियों एवं इनके उपलब्धियों के बारे में भी जानकारी दी जा रही थी। इच्छुक विद्यार्थी एवं पालकगण व्यवसायिक, गैर-व्यवयायिक शिक्षा एवं नवीन पाठ्यक्रमों की जानकारी लेने यहां पहुंचते रहे।



उच्च शिक्षा विभाग के स्टॉल पर विश्वविद्यालय, कॉलेजों व इससे सबद्ध कोर्सेस की जानकारी लेने पहुंचते रहे लोग

प्रदर्शनी में उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा किए गए अर्जित उपलब्धियों एवं प्रयासों को दर्शाया गया है। कोरोनाकॉल के दौरान पढ़ाई बाधा न बने इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश पर 2 लाख 67 हजार 500 से भी ज्यादा ऑनलाईन क्लॉसेस लिए गए हैं। उच्च शिक्षा संस्थानों में सकल नामांकन अनुपात को बढ़ाने, समान रूप से सभी वर्गों को लाभान्वित करने, रोजगारपरक शिक्षा प्रदान करना एवं गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य के साथ गठित राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) के द्वारा तीन वर्षों में 421 करोड़ रूपए का अनुदान दिया गया है।

स्टॉल में कॉलेजों के द्वारा किए जा रहे नवाचारों को भी दिखाया गया है। सी. वी. रमन विश्वविद्यालय के छात्रों के द्वारा वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के प्रारूप का प्रदर्शन किया गया था। विश्वविद्यालय के सिविल विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर त्रिलोकी साहू ने बताया कि यह काफी उपयोगी है इसके जरिए गंदे पानी को साफ किया जा सकता है। खैरागढ़ के इंदिरा गांधी संगीत विश्वविद्यालय के छात्रों ने अपनी चित्रकारी कला के बदौलत काफी सुर्खिया बटोरी। छात्रों द्वारा यहां पर लोगों का उनका चित्र बना कर दिखाया जा रहा था। इसके अलावा यहां पर मूर्तिकला निर्माण का भी प्रदर्शन किया गया था। स्टॉल में आए गोमेंन्द्र ठाकुर, दीपक सोनी, लक्ष्मीकांत ठाकुर एवं सुश्री अनिता एवं अन्य विद्यार्थियों ने बताया कि यहां पर कैरियर कोर्सेस के बारे में मिली जानकारी को वे अपने परिचितों एवं दोस्तों को भी शेयर करेंगे।

# मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना प्रारंभ

**0 पात्र हितग्राहियों की दो अविवाहित पुत्रियों को मिलेगी 20 हजार का प्रोत्साहन सहायता राशि**

**महासमुंद (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ शासन श्रम विभाग के अंतर्गत संचालित छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के अंतर्गत पंजीकृत हितग्राहियों की दो अविवाहित पुत्रियों को सशक्त तथा आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से प्रोत्साहित करने के लिए नवीन योजना मुख्यमंत्री नोनी सशक्तीकरण सहायता योजना प्रारंभ की गई है। इसके अंतर्गत पात्र हितग्राही की दो अविवाहित पुत्रियों को 20 हजार रुपए प्रोत्साहन सहायता राशि देय होगा। श्रम पदाधिकारी डीके राजपूत ने बताया कि इस योजना का लाभ लेने के लिए पात्रता निर्धारित की गई है। जिसके अंतर्गत लडक़ी के पिता या माता अथवा दोनों, कम से कम एक वर्ष की अवधि से मण्डल में निर्माण श्रमिक के रूप में पंजीकृत हों। पंजीकृत निर्माण श्रमिक की पुत्री जिसके लिए आवेदन किया गया है वह श्रम विभाग के अंतर्गत किसी भी मण्डल में पंजीकृत ना हो। पंजीकृत निर्माण श्रमिक की पुत्री न्यूनतम 10 वीं कक्षा उत्तीर्ण, आयु न्यूनतम 18 वर्ष पूर्ण हो तथा 18 वर्ष 06 माह से अधिक न हो तथा वह अविवाहित हो। पुत्री के नाम से जीवित बैंक खाता होना चाहिए। आवेदन की तिथि से पूर्व के एक वर्ष की अवधि में हितग्राही कम से कम 90 दिन निर्माण श्रमिक के रूप में कार्यरत् हो। प्रोत्साहन राशि भुगतान के लिए हितग्राही के निर्माण श्रमिक होने के सत्यापन तथा आवेदक द्वारा आवेदन में दी गई जानकारी के संबंध में स्वघोषणा पत्र अनिवार्य होगा। जिन लड़कियों के लिए हितग्राहियों को पूर्व में मण्डल अंतर्गत संचालित मिनीमाता कन्या विवाह योजना/राजमाता विजयाराजे कन्या विवाह सहायता योजना अंतर्गत सहायता राशि प्राप्त हो चुकी है, वह इस योजना के लिए अपात्र होंगे। पात्र हितग्राही योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए लोक सेवा केन्द्र में आवश्यक दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।




## हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास व अर्थदंड से किया दंडित

**जगदलपुर (आरएनएस)।** बस्तर जिले के परपा थाना क्षेत्र के ग्राम कोयनार में ढाई वर्ष पहले रंजिश को लेकर गांव के ही ग्रामीण की हत्या की गई थी। इस मामले पर सत्र न्यायाधीश ने आरोपी को आजीवन कारावास एवं अर्थदंड की सजा सुनाई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार परपा थाना क्षेत्र के ग्राम कोयनार में 27 सितंबर 2019 को बालमंती ने पाला हुआ मुर्गा घर नहीं पहुंचने पर मुर्गा को कौन खा लिया बोलकर बड़बड़ा रही थी। उसी समय गांव के घेनवाराम नाग ने महिला को अश्लील गाली देते हुए मारपीट किया। उसके बाद महिला के पति गोंचूराम को रंजिश के चलते सडक़ में पटक कर मारा, गोंचू को गंभीर हालत में डिमरापाल स्थित मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया पर स्थिति गंभीर होने पर उसे रायपुर रेफर किया गया, जहां गोंचू की 05 अक्टूबर 2019 को मौत हो गई। बालमती की रिपोर्ट पर परपा पुलिस ने जांच कर आरोपी को गिरफ्तार किया और मामले को न्यायालय में पेश किया। मामले में सत्र न्यायाधीश श्रीमती सुमन एक्का ने साक्ष्यों एवं गवाहों के आधार पर अभियुक्त घेनवाराम को धारा 302 के तहत आजीवन कारावास एवं एक हजार रूपये का अर्थदंण्ड से दंडित किया है।

# पशु तस्करी पर डोंगरगढ़ पुलिस की कार्यवाही

**0-एक आरोपी गिरफ्तार, एक फरार**

**राजनांदगांव (आरएनएस)।** जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में लगातार पशु तस्करी का कार्य होने की सूचना पुलिस विभाग को मिल रही थी जिस पर डोंगरगढ़ पुलिस के द्वारा गाडिय़ों की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान एक तेज रफ्तार चार पहिया माल वाहक क्रमांक एम एच 18 ए ए 9747 जो की पशुओं की तस्करी कर रहा था -गाड़ी चालक अपने पीछे पुलिस पेट्रोलिंग को आता देख भागने की कोशिश में बिजली के खंबे से जा टकराया।

पूरे मामले की जानकारी देते हुए डोंगरगढ़ थाना प्रभारी शिव कुमार चंद्रा ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक चार पहिया वाहन में पशु तस्करी हो रही है और पशुओं को महाराष्ट्र की ओर ले जाया जा रहा है जिस पर जांच नाका स्थापित कर पुलिस पेट्रोलिंग द्वारा जांच की जा रही थी।

इस दौरान तेज रफ्तार चार पहिया मालवाहक भागने की कोशिश करते हुए बिजली के खंभे से जा टकराया जिसमें दो आरोपी थे जिनमें से एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है वही एक आरोपी रात के अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहा जिसकी पतासाजी पुलिस के द्वारा की जा रही है। पुलिस ने मालवाहक से 15 मवेशियों को बरामद किया है, इन 15 मवेशियों में से चार मवेशियों की मौत हो गई। पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

# पढ़ाने के नाम पर घर लाकर भतीजी को बुआ-फूफा ने किया प्रताड़ित, पुलिस ने की कार्यवाई

**बलरामपुर (आरएनएस)।** नगर के वार्ड क्रमांक 5 में अपने बुआ एवं फूं फ ा के साथ बीते 3 माह से 8 वर्षीय मासूम पर छोटी-छोटी बात को लेकर बुआ का कहर टूटा बच्ची के फूफा सीएएफ के जवान है जो किराए के मकान में रहते हैं जब मकान मालकिन द्वारा लगातार बच्चे की रोने की आवाज सुनी जिसके बाद बुआ के द्वारा प्रताड़ित किए जाने का खुलासा हुआ इसकी जानकारी एडिशनल एसपी को दी गई जिसके बाद चाइल्डलाइन एवं पुलिस मौके



पर पहुंची। मासूम बच्ची के शरीर पर कई जगह मारपीट एवं जलाने के निशान मिले।

मिली जानकारी के अनुसार नगर के वार्ड क्रमांक 5 में सीएएफ के जवान विक्रम शर्मा अपने पत्नी सुमन शर्मा के साथ किराए के मकान में रहते हैं जहां 3 माह से सुमन शर्मा के भाई की 8 वर्षीय बेटी भी साथ में रह रही थी विगत दो-तीन दिनों से लगातार बच्ची की रोने की आवाज सुनाई दे रही थी जिसके बाद मकान मालकिन के द्वारा बच्ची के रोने का कारण जानना चाहा तो मकान छोड़ देने की बात सुमन शर्मा के द्वारा की जाने लगी व पता चला कि बच्ची को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है उसके शरीर में कई जगह चोट के निशान भी दिखे जिसके बाद इसकी तत्काल जानकारी एडिशनल एसपी को दी गई जिन के निर्देश पर चाइल्डलाइन की टीम एवं एएसआई कमलेश पाठक के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। चाइल्ड लाइन की टीम के द्वारा सीडबल्यूसी में बच्चे को पेश किया गया। जहां से बच्ची को आज सखी सेंटर रखा जाएगा और कल अंबिकापुर बालिका गृह भेजा जाएगा। बच्ची को पढ़ाने के नाम से बुआ फू फ ा अपने साथ रखते थे बच्ची कक्षा तीसरी में पढ़ती है। घर का काम कराने के लिए भी बच्ची पर दबाव रहता था।

# पूर्व मंत्री मूणत के गिरफ्तारी को लेकर पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह और भाजपाई विधानसभा थाने में कर रहे विरोध

**रायपुर(आरएनएस)।** बजट पर चर्चा करने शनिवार को रायपुर आए केंद्रीय उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य को काला झंडा दिखाने के विवाद में पूर्व मंत्री राजेश मूणत और पुलिस के बीच हुई झड़प का मामला पूरी तरह से गरमा गया है।



शनिवार की रात से भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधानसभा थाने के सामने डेरा जमाते हुए पूर्व मंत्री के समर्थन पर एक टीआई गिरीश तिवारी को निलंबित करने की मांग करते हुए धरने पर बैठ गए हैं। इसको लेकर पुलिस से झड़प हुईपूर्व मंत्री मूणत के समर्थन में भाजपा के वरिष्ठ मंत्री और कार्यकर्ता के साथ पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह शनिवार की रात अधिकारियों से चर्चा के लिए पहुंचे थे। रविवार को भी पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह के साथ भाजपा के कई दिग्गज नेता विधानसभा थाने में दोपहर 12 बजे के बाद जमा हुए। पूर्व मंत्री का आरोप है काला झंडा दिखाने के समय कांग्रेसियों को रोकने के बजाय टीआई और पुलिस टीम ने उन पर हमला किया। एक कार्यकर्ता को हिरासत में लेकर उनसे मारपीट की कोशिश की। जब इस घटना का विरोध करने उतरे पुलिस ने बंधक बना लिया और विधानसभा थाना ले जाकर मारपीट की।

पुलिस अधिकारियों का कहना है नेताओं के साथ मारपीट के कोई प्रमाण नहीं है। आरोप लगाए जाने पर आवेदन लिया गया है जिस पर आगे जांच कर कार्रवाई की जाएगी। इधर पुलिस में कमी से अधिकारियों का कहना है कि प्रदर्शन के दौरान नेताओं ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए दुव्र्यवहार किया था। कानून व्यवस्था बिगाडऩे की कोशिश की इस वजह से उन्हें थाना रवाना किया गया। डा. रमन सिंह ने कहा पुलिस की ज्यादती का विरोध किया जाएगा।

# युवती को अश्लील वीडियो भेजने वाला आरोपी पंजाब से किया गया गिरफ्तार

**0 आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 1 मोबाइल 2 सिम लगा हुआ पुलिस ने किया जब्त**

**कवर्धा (आरएनएस)।** कबीरधाम जिले के थाना सिटी कोतवाली में थाना क्षेत्र की रहने वाली प्रार्थीया के द्वारा अपने परिजनों के साथ थाना सिटी कोतवाली आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि अज्ञात आरोपी के द्वारा मेरे मोबाइल के व्हाट्सएप नंबर पर दिनांक 06/09/2021 को अपने व्हाट्सएप नम्बर से करीबन रात्रि 19/30 बजे तीन चार अश्लील अभद्र वासन मूलक फोटो विडियो भेजा था, जिससे मेरे द्वारा नाम पता पूछने पर अपना नाम नहीं बताया था, भेजे गये मैसेस देखने के बाद मैं अपने आप को काफी अपमानीत महसूस कर रही थी, जिससे मुझे काफी मानसिक पीड हुआ है, तथा मैं आरोपी के विरुद्ध उचित कार्यवाही चाहती हूँ, की रिपोर्ट पर तत्काल थाना प्रभारी के द्वारा अज्ञात आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्रमांक- 740/2021 धारा-509 बी भा.द.वि. 67 आई टी एक्ट सन 2021 पंजीबद्ध कर उक्त घटना की



जानकारी जिले के वरिष्ठ अधिकारी गणों को दिया गया, जिस पर मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के कुशल निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे तथा उप. पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्रीमती मोनिका सिंह परिहार व उप. पुलिस अधीक्षक अजाक बी.आर. मंडावी के मार्गदर्शन प्राप्त कर थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक कपिल चंद्रा के द्वारा थाने में टीम गठीत कर आरोपी के पता तलाश हेतू जिले में एवं जिले से बाहर रवाना किया गया। लगातार पता तलाश करने के बाद आरोपी हरबिन्दर सिह पिता स्व. अजेब सिह उम्र 25 वर्ष साकिन अकलपुर थाना फिलौरा जिला जालंधर पंजाब को धर दबोचने में सिटी कोतवाली पुलिस टीम को सफलता प्राप्त हुआ है। आरोपी हरबिन्दर सिह पिता स्व. अजेब सिह उम्र 25 वर्ष से अपराध के सम्बंध में पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार किया गया, तथा घटना में प्रयुक्त मोबाइल 01 नग रक्कक्कह र1य ष्टक्क।। 1923 के कम्पनी का जिसमें ( 1 )रढ़ढक्र ञ्जश्वरु 4त्र कंपनी का सिम, (2) छवढ़ढह्र 4त्र कंपनी का सिम लगा हुआ मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया है। आरोपी के विरुद्ध उचित वैधानिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जुडिशल रिमांड पर भेजा गया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा अधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU